Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner



Scanned with OKEN Scanner

राजकीय महाविद्यालय आनी में चला प्लास्टिक फ्री कैंपस अभियान

प्लास्टिक फ्री कैंपस अभियान के दौरान परिसर में सफाई करते इको क्लब के सदस्य व छात्र।

सवेरा न्यूज/चमन शर्मा

आनी,7 मार्च : राजकीय महाविद्यालय आनी में इको क्लब के तत्वावधान में आज प्लास्टिक फ्री कैंपस अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत इको क्लब के सदस्यों और छात्रों ने कॉलेज परिसर में फैले प्लास्टिक कचरे को एकत्रित कर पूरे कैंपस की सफाई की। विद्यार्थियों ने कॉलेज परिसर के विभिन्न हिस्सों में जाकर प्लास्टिक और अन्य कचरे को इकट्ठा किया और स्वच्छता का संदेश दिया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डा. दायक राम ठाकुर सहित समस्त स्टाफ भी मौजूद रहा और छात्रों के इस प्रयास की सराहना की। इको क्लब की समन्वयक प्रोफेसर पुष्पा गुलेरिया ने बताया कि इको क्लब समय-समय पर महाविद्यालय में पौधारोपण, स्वच्छता अभियान और प्लास्टिक मुक्त परिसर जैसे कार्यक्रम आयोजित करता रहता है। इन गतिविधियों का मुख्य उद्देश्य छात्रों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता पैदा करना है। उन्होंने छात्रों के माध्यम से आम जनता से भी अपील की कि प्लास्टिक को इधर-उधर न फेंकें और इसके उपयोग को यथासंभव कम करें। इस अभियान में बड़ी संख्या में छात्रों ने भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी का भरोसा दिया।

Scanned with OKEN Scanner

राजकीय महाविद्यालय आनी में चलाया गया प्लास्टिक फ्री कैंपस अभियान

डिजिटल मीडिया न्यूज़

आनी, 7 मार्च 2026: राजकीय महाविद्यालय आनी में इको क्लब द्वारा प्लास्टिक मुक्त परिसर के उद्देश्य से प्लास्टिक फ्री कैंपस अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत इको क्लब के सदस्यों ने महाविद्यालय परिसर में फैले प्लास्टिक कचरे को एकत्रित किया तथा पूरे कॉलेज कैंपस की साफ-सफाई की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दायक राम ठाकुर सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। इको क्लब की समन्वयक प्रोफेसर पुष्पा गुलेरिया ने बताया कि इको क्लब समय-समय पर महाविद्यालय में पौधारोपण, स्वच्छता अभियान और प्लास्टिक फ्री कैंपस जैसी पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी गतिविधियों का आयोजन करता रहता है। उन्होंने छात्रों के माध्यम से आम जनता से भी आग्रह किया कि प्लास्टिक को इधर-उधर न फेंकें और इसके उपयोग को कम से कम करें। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय परिसर ज्ञान का केंद्र है, इसलिए हम सभी की जिम्मेदारी है कि इसे स्वच्छ और सुंदर बनाए रखें।

Scanned with OKEN Scanner